संक्षिप्त

वाहन चोर गिरोह का बदमाश गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। शहर के सुखेर थाना पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के बदमाश को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी भरत योगी मय टीम ने कार्यवाही करते हुए मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर मेरठ, दिल्ली, हैदराबाद में वाहन चोरी करने वाले आरोपी अजय ठाकुर उर्फ संजय पुत्र दाराम उर्फ जयसीराम राजपूत निवासी जलगांव बैजनाथ कांगड़ा हिमाचल प्रदेश को गिरफ्तार किया।

वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ 5 जून से

डूंगरपुर, (निसं)। विप्र फाउंडेशन परिवार डूंगरपुर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून से 15 अगस्त 2026 तक व्यापक वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया जाएगा। इस अभियान का शुभारंभ शुक्रवार, 5 जून को प्रगति कॉलेज, डूंगरपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिलेभर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी में मनोनीत हुए विप्र समाज के महानुभावों के सम्मान एवं स्वागत का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश संगठन महामंत्री ललित उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

वाहन की टक्कर से उद्यमी घायल

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थानान्तर्गत नया बस स्टेण्ड बिलडी मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक उद्यमी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक चिकित्सा के बाद अहमदाबाद रेफर कर दिया गया है। घटनाक्रम के अनुसार प्रतापनगर निवासी राजेन्द्र पुत्र मोतीलाल कलाल जो कि विभिन्न विभागो में ठेकेदार के रूप काम करते है। अपने वाहन को रिपेरिंग कराने के लिए शो रूप में रखा था, जिसे देखने के लिए अपनी स्कूटी से शो रूम पर जा रहे थे कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे चलते वह मौके पर ही गिर कर बेहोश हो गया। राहगिरो ने एक निजी चिकित्सालय पहुंचाया जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद पैर व अन्य स्थानों पर चोंट के कारण अहमदाबाद रेफर कर दिया। जहां उनका इजाज जारी है।

उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

भीम, (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय स्थित उप कारागृह जेल को बन्द करने एवं केन्द्र सरकार की गलत नितियों के चलते पेट्रोल डीजल एवं रसोई गैस की किल्लत व लगातार बढ़ती दरों एवं नीट परीक्षा के पेपर लीक सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर पूर्व विधायक सुदर्शनसिह रावत के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपखण्ड अधिकारी कार्यालय परिसर के बाहर आक्रोश प्रदर्शन किया। इस दौरान विभिन्न मांगों को लेकर कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। जिसके बाद पूर्व विधायक रावत के सानिध्य में उपखण्ड अधिकारी विकास शर्मा को अलग अलग तीन ज्ञापन सौंपे।

अंग्रेजी शराब जब्त

बांसवाड़ा, (निसं)। पाटन थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम की संयुक्त कार्यवाही में ऑपरेशन त्रिनेत्र 2 के तहत 9 कार्टून अंग्रेजी शराब जब्त की गयी। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत सिंह भाटी के सुपरविजन एवं पुलिस उप अधीक्षक महीपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में पाटन थानाधिकारी सुरजमल खराड़ी के नेतृत्व में ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत यह कार्यवाही की गयी। थानाधिकारी खराड़ी ने बताया कि 31 मई को रात्रि 9 बजे कालु पुत्र वरसिंग भाभोर निवासी पाटन की किराणा की दुकान पर अंग्रेजी शराब होने की सूचना पर पाटन थाने एवं डीएसटी टीम ने मौके पर पहुंचकर किराणा की दुकान की तलाश ली तो अलग-अलग प्रकार की अंठोजी शराब जिनमें किंग फिशर बीयर की 650 एमएल की 32 बोतल, काउण्टी क्लब क्वार्टर विस्की की 2 पेटी जिसमें प्रत्येक पेटी में 180 एमएल के 48 क्वार्टर हो कुल 96 क्वार्टर, किंग फिशर टीन बयर 500 एमएल की 77 टीन बीयर, वाईट लैंस वोडका 180 एमएल 32 नंग क्वार्टर, रायल स्टेग क्वार्टर 180 एमएल के 20 क्वार्टर, प्रिंस देशी मदिरा के 180 एमएल के 68 पव्वे पाये गये जिस पर अंग्रेजी शराब, बीयर टीन व देशी मदिरा को जरिये फर्द जब्त किया गया। अभियुक्त कालु अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। जिस पर थाना पाटन पर प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी सुरजमल खराड़ी द्वारा किया जा रहा है। पुलिस टीम में पाटन थानाधिकारी सुरजमल खराड़ी, सहायक उपनिरीक्षक जीतमल मसार, कांस्टेबल मदनलाल, रामचन्द्र, सुखराम, चालक कांस्टेबल महेश पाटीदार, डीएसटी उपनिरीक्षक भंवरलाल, हैड कांस्टेबल विश्वराज सिंह, कांस्टेबल जगपाल सिंह, सुरेन्द्र व सुरेश शामिल रहे।

'बावड़ी विरासत व जल संरक्षण की गौरवशाली परंपरा का जीवंत प्रतीक'

राजसमंद, (निसं)। राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजकीय जिला चिकित्सालय राजसमंद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जांच रिपोर्ट की उपलब्धता, निःशुल्क पार्किंग व्यवस्था, आउटडोर में चिकित्सकों की समय पर उपस्थिति, अनुपस्थित चिकित्सकों की सूचना प्रदर्शन और परिसर में पुलिस कर्मी की तैनाती जैसे महत्वपूर्ण विषयों का संज्ञान लिया। विधायक दीप्ति ने आउटडोर विभाग में रोगियों को टोकन व्यवस्था के माध्यम से सेवा देने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि मरीजों को व्यवस्थित एवं समयबद्ध चिकित्सा सुविधा मिल सके।

■ **विधायक माहेश्वरी ने चिकित्सालय व ऐतिहासिक खांडी बावड़ी का निरीक्षण किया**

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि पूर्व में किए गए औचक निरीक्षणों का सकारात्मक प्रभाव परिलक्षित हो रहा है और चिकित्सालय की व्यवस्थाओं में उल्लेखनीय सुधार आया है। उन्होंने महिला चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया तथा वहाँ भर्ती रोगियों से प्रत्यक्ष संवाद कर औषधियों की उपलब्धता, स्वच्छता की स्थिति एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। नर्सिंग अधीक्षक नानालाल कुमावत

आरके चिकित्सालय का निरीक्षण करती विधायक दीप्ति माहेश्वरी।

और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश रजत को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसी क्रम में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजसमंद नगर के धोइन्दा क्षेत्र में बस स्टैण्ड के समीप स्थित ऐतिहासिक जलस्त्रोत खांडी बावडी का निरीक्षण कर उसकी वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यह बावडी हमारी ऐतिहासिक विरासत और जल संरक्षण की गौरवशाली परंपरा का जीवंत प्रतीक है। निरीक्षण के दौरान साफ.-सफ ई, संरक्षण एवं जीर्णोद्धार से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बावडी परिसर को अतिक्रमण एवं गंदगी से मुक्त किया जाए तथा मूल ऐतिहासिक संरचना को सुरक्षित रखते हुए मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना के अंतर्गत जीर्णोद्धार कार्य का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजकर शीघ्र स्वीकृति प्राप्त की जाए। उन्होंने कहा कि खांडी बावडी के पुनरोद्धार से न केवल इसकी ऐतिहासिक गरिमा पुनर्स्थापित होगी, बल्कि जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता भी बढेगी। निरीक्षण के अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, मण्डल पदाधिकारी, विभागीय अधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने स्पष्ट किया कि जन स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति वे सदैव प्रतिबद्ध हैं और इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

सार-समाचार

पैसिफिक में जनजागरूकता सप्ताह



उदयपुर, (कासं)। पैसिफिक डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर के जन स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में 25 से 31 मई तक विभिन्न स्थानों पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सप्ताहभर चलाए गए अभियान का उद्देश्य आमजन, श्रमिकों, दिहाडी मजदूरों, ट्रक चालकों एवं अन्य समुदायों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा तंबाकू त्याग के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रतापनगर चौराहा, सलोनी कांटा औद्योगिक क्षेत्र, ट्रांसपोर्ट नगर तथा जिंक चौराहा पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में गुटखा, खैनी, पान मसाला, बीडी, सिगरेट एवं हुक्का जैसे तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। जागरूकता सत्रों के दौरान प्रतिभागियों को तंबाकू सेवन से होने वाले मुख कैंसर, फेफडों के रोग, हृदय रोग एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में सरल एवं स्थानीय भाषा में समझाया गया। तंबाकू छोडने के प्रभावी उपायों की जानकारी दी तथा जागरूकता सामग्री एवं पैम्फलेट वितरित किए। 30० मई को जिंक चौराहा पर विभाग द्वारा एक प्रभावशाली नुक्कड नाटक का मंचन में तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों को जीवंत एवं प्रेरणादायक तरीके से प्रस्तुत किया गया। नाटक ने स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों एवं राहगीरों का विशेष ध्यान आकर्षित किया तथा उन्हें तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। विश्व तंबाकू निषेध सप्ताह के दौरान आमजन एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनल्स को तंबाकू मुक्त जीवन की शपथ दिलाई गई। सभी प्रतिभागियों ने स्वयं तंबाकू का सेवन न करने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

वॉश सहित शराब भट्टियां की नष्ट

उदयपुर, (कासं)। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए एक मई से 31 मई तक चलाए विशेष निरोधात्मक अभियान के दौरान 3 करोड 93 लाख रूपए से अधिक की बडी मात्रा में अन्य राज्यों की अंग्रेजी शराब की खेप पकडी साथ ही अवैध हथकडी मदिरा बरामदगी, वॉश एवं शराब की भट्टियों को नष्ट करते हुए 922 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अभियोग दर्ज किए। उल्लेखनीय है कि इस अभियान से अवैध मदिरा की तस्करी पर प्रभावी चोट की जिससे राजस्व क्षति को रोकने में सहायता मिलेगी।आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत एक मई से 31 मई तक विभिन्न कार्रवाई के तहत 2046 अभियोग दर्ज किए है। आबकारी आयुक्त नमित मेहता द्वारा विशेष निरोधात्मक अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए दो बार विडियों कॉन्फ्रेंस कर प्रदेश की समस्त ईपीएफ टीम, जोन व जिला अधिकारियों को सजगता से गश्त, नाकाबंदी एवं दबिश के माध्यम से प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। अभियान की जोन एवं जिलेवार प्रगति की दैनिक समीक्षा कर अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए मुखबिर तंत्र को मजबूत करते हुए स्थानीय पुलिस, रेलवे पुलिस का आवश्यकतानुसार सहयोग लेकर प्रभावी कार्रवाई के लिए प्रेरित किया।

मंत्री के खिलाफ किया प्रदर्शन

डूंगरपुर, (निसं)। सहकारिता मंत्री गौतम दक के खिलाफ राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान ने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन चित्तौडगढ के डूंगला थाने में पुलिसकर्मियों के साथ कथित दुर्व्यवहार के मामले में किया गया। संस्थान ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। संस्थान के जिलाध्यक्ष खुमाण सिंह चौहान के नेतृत्व में सोमवार को सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। उन्होंने सहकारिता मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष चौहान ने बताया कि 25 मई को चित्तौडगढ जिले के डूंगला थाने में मंत्री गौतम दक ने कर्तव्य पर तैनात थानाधिकारी और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार किया। उन पर गाली-गलौज, अमर्यादित और अश्लील भाषा का प्रयोग कर पुलिसकर्मियों को अपमानित करने का आरोप है। संस्थान ने इस कृत्य को अधिनायकवादी और आपत्तिजनक बताया है। उनका कहना है कि संवैधानिक पद पर बैठे मंत्री का ऐसा आचरण सरकारी कर्मचारियों, पेंशनर्स और आम जनता में आक्रोश पैदा करता है। इसे मंत्री पद की गोपनीयता और कर्तव्य की शपथ का घोर उल्लंघन माना गया है। प्रदर्शन के बाद संस्थान ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सहकारिता मंत्री गौतम दक को तुरंत पद से बर्खास्त करने और डूंगला थाने में दर्ज आपराधिक मामले की निष्पक्ष व त्वरित जांच कर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है। राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान ने चेतावनी दी है कि यदि अगले 15 दिनों के भीतर मंत्री के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो प्रदेश के समस्त सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी, अन्य कर्मचारी संगठन और आम जनता मिलकर सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन करेंगे।

गोष्ठी व जागरुकता रैली का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर सोमवार को राजकीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर में इस वर्ष की थीम महिला किसानों का सम्मान पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. ओमप्रकाश साहू ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संगठन की ओर से प्रतिवर्ष 1 जून को विश्व दुग्ध दिवस मनाया जाता है। दुग्ध उत्पादन व खाद्य सुरक्षा में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। अतिरिक्त निदेशक डॉ. सुरेश जैन ने विभागीय योजनाओं के माध्यम से पशु स्वास्थ्य, बांझपन निवारण एवं टीकाकरण द्वारा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता बताई। संयुक्त निदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने कहा कि राजस्थान में प्रति पशु दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ. शरद अरोड़ा और उपनिदेशक शैलेन्द्र शुक्ला ने स्वच्छ एवं शुद्ध दुग्ध उत्पादन पर बल दिया। उपनिदेशक डॉ. द्वारका प्रसाद गुप्ता ने महिला पशुपालकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि दुग्ध उत्पादन में उनकी भूमिका खाद्य सुरक्षा तथा आर्थिक मजबूती का प्रतीक है।

नए ठेकेदार के खिलाफ किया प्रदर्शन

डूंगरपुर, (निसं)। जिले में सोमकमला परियोजना के पंप और टंकी ऑपरेटरों ने एलएंडटी कंपनी और नए ठेकेदार के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। श्रमिकों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदारी प्रथा के नाम पर उनका आर्थिक और मानसिक शोषण किया जा रहा है और उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। प्रदर्शनकारी श्रमिकों ने बताया कि वे पिछले साढे 5 साल से एलएंडटी कंपनी के तहत सोमकमला परियोजना में सीधे तौर पर कार्यरत थे। इस दौरान उन्हें कंपनी की ओर से प्रति माह 15 हजार रुपए वेतन दिया जा रहा था। हाल ही में कंपनी ने इस कार्य का जिम्मा डीडवाना निवासी ठेकेदार रामसिंह को सौंप दिया है। नए ठेकेदार द्वारा श्रमिकों से 12.12 घंटे ड्यूटी कराई जा रही है, जबकि उन्हें वेतन के रूप में केवल 8 हजार रुपए प्रति माह दिए जा रहे हैं। श्रमिकों ने यह भी बताया कि अपनी आवाज उठाने या विरोध करने पर ठेकेदार द्वारा उन्हें लगातार नौकरी से निकालने की धमकियां दी जा रही हैं। पीडित श्रमिकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

चोरी के विरोध में बंद रहा कोल्यारी बाजार

उदयपुर,(कासं)। उदयपुर के फलासिया थाना क्षेत्र के कोल्यारी कस्बे में 55 लाख की चोरी के मामले में सोमवार को कस्बे का बाजार बंद रहा। व्यापारियों ने चोरी के विरोध में अपनी दुकानें बंद रखी। करणी सेना और स्थानीय ग्रामीणों ने इसको लेकर विरोध प्रदर्शन किया। सुबह 11 बजे करणी सेना और स्थानीय ग्रामीण तीन रास्ता जगह पर एकत्रित हुए और यहां से जुलूस के रूप में कोल्यारी चौकी पर पहुंचे।

यहां धरना दिया गया। 2 घंटे तक प्रशासन से कोई वार्ता को नहीं पहुंचा तो लोगों ने नेशनल हाईवे बंद करने की चेतावनी दी। जिसके कुछ ही देर बाद फलासिया तहसीलदार अभिषेक दरंगा मौके पर पहुंचे। जिन्होंने समझाइश का मामला शांत कराया। लोगों ने उन्हें एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें स्थाई पुलिस चौकी शुरू करने,चोरी के सभी आरोपियों को पकडने, चोरी का माल बरामद करने और रात में प्रभावी गश्त की मांग की गईइधर,फलासिया पुलिस ने एक दिन पहले चोरी के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 17 मई को आरोपी ने अपने 2 साथियों के साथ घर के पीछे से घुसकर तीनों कमरों के ताले तोडे। फिर अलमारी का लॉकर तोडकर सोना.चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ली थी। पुलिस आरोपी के 2 साथियों की तलाश में जुटी है।

थानाधिकारी फेलीराम ने बताया कि आरोपी रमेश निवासी खाखड फला आडादर्रा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में अपने दो साथियों के साथ घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। अब आरोपी से चोरी किया गया माल बरामद करने और फरार 2 बदमाशों को पकडने के लिए जांच जारी है।थानाधिकारी ने बताया कि रिपोर्ट मिलने के बाद एएसपी अंजना सुखवाल, झाडोल डीएसपी विवेक सिंह के सुपरविजन में टीम का गठन किया गया। टीम ने जिला स्पेशल टीम के साथ मिलकर आरोपी की तलाश शुरू की। करीब 35 सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए और 70 से ज्यादा संदिग्धों से पूछताछ की गईए जिसके बाद पुलिस आरोपी तक पहुंची।थानाधिकारी ने बताया कि 18 मई 2026 को प्रार्थी शेरसिंह पिता भगवतसिंह राजपूत ने थाने में रिपोर्ट दी थी जिसमें बताया कि 17 मई को उसके घर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया।

पीएमसीएच में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

उदयपुर,(कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के त्वचा रोग (डर्मेटोलॉजी) एवं पैथोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ''डर्माटोसर्जरी एवं डर्माटोपैथोलॉजी-बेसिक टू एडवांस्ड'' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सीएमई एवं कार्यशाला का समापन हुआ।

दो दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य त्वचा रोग विशेषज्ञों, स्नातकोत्तर (पीजी) विद्यार्थियों और चिकित्सा पेशेवरों को स्किन सर्जरी व ऊतक विकृत विज्ञान (डर्माटोपैथोलॉजी) की आधुनिक तकनीकों और व्यावहारिक प्रशिक्षण (हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग) से रूबरू कराना था। वर्कशॉप अध्यक्ष डॉ.संजीव वैशंपायन ने बताया कि कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। मुख्य वक्ताओं में गांधीनगर के डॉ.योगेश भिंगराडिया, नागपुर के डॉ.सुशील पांडे और चेन्नई की डॉ.अनुराधा प्रियदर्शिनी ने डर्मेटोसर्जरी,त्वचा रोगों की सूक्ष्मदर्शी जांच (बायोप्सी), हिस्टोपैथोलॉजिकल

पीएमसीएच में डर्मेटोसर्जरी और डर्मेटोपैथोलॉजी पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।

निदान और आधुनिक त्वचा चिकित्सा के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक और विस्तृत व्याख्यान दिए। दो दिवसीय इस कार्यशाला में पहले दिन के शैक्षणिक सत्रों के माध्यम से बताया गया वही दूसरे दिन प्रतिभागियों को हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग दी गई।

वर्कशॉप के सफल आयोजन के लिए पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने बधाई देते हुए कहा कि यह कार्यशाला चिकित्सा क्षेत्र में ज्ञानवर्धन और कौशल विकास के लिए एक बेहतरीन मंच साबित हुई, जिससे डॉक्टर अब मरीजों को और अधिक आधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर सकेंगे। वर्कशॉप के सचिव डॉ.एम.एस.देवड़ा ने बताया कि इस वर्कशॉप में विशेषज्ञों ने क्लिनिकल और पैथोलॉजिकल को-रिलेशन के महत्व को रेखांकित किया, ताकि जटिल त्वचा रोगों का समय पर और सटीक निदान कर मरीजों को बेहतर उपचार दिया।

वंदे गंगा अभियान के तहत नगर निगम ने आयोजित किए विभिन्न कार्यक्रम

उदयपुर, (कासं)। नगर निगम द्वारा शहर में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत प्रतिदिन कई कार्यक्रम आयोजित कर शहरवासियों को जल संरक्षण अभियान हेतु जागरूक किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में वंदे गंगा कार्यक्रम के तहत व्यापक स्तर पर जन जागरूकता और विकास कार्यो का आयोजन किया गया। अभियान की शुरुआत सुबह अमल का कांटा क्षेत्र में विशाल वंदे गंगा प्रभात फेरी एवं जागरूकता रैली निकाल कर की गई। जिसमें सामाजिक संगठनों ए आम नागरिक के अलावा नगर निगम कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इसी के साथ सुबह दूध तलाई पर जल स्त्रोतों की साफ सफाई व मरम्मत का कार्य किया गयाए जिसमें नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी सत्यनारायण शर्मा, स्वास्थ्य निरीक्षक सुभाष चंद्र शर्मा, पी आई यू टीम सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि वंदे गंगा कार्यक्रम के तहत गणगौर घाट पर शाम को जल स्त्रोतों के संरक्षण के संदेश के साथ भव्य दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में महिला संगठनों के साथ साथ पर्यटकों ने पिछोला झील में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया।

विश्वराज सिंह मेवाड पहुंचे विद्या प्रचारिणी सभा के ऑफिस

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर की बीएन यूनिवर्सिटी में लंबे समय से चल रहा विवाद जारी है। सोमवार को विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान संरक्षक और अध्यक्ष विश्वराज सिंह मेवाड अचानक विद्या प्रचारिणी सभा के ऑफिस पहुंचे। जहां पूरे ऑफिस का निरीक्षण किया।

इस दौरान मेवाड ने पूर्व कार्यसमिति के प्रबंध निदेशक से ऑडिट से जुडे जरूरी डॉक्यूमेंट मांगे, लेकिन उन्होंने मना कर दिया और सभा के पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह आगरिया के पास डॉक्यूमेंट्स होने की बात कही।मैनेजिंग डायरेक्टर द्वारा फोन किए जाने के बावजूद विद्या प्रचारिणी सभा के पूर्व मंत्री मौके पर नहीं पहुंचे। इसके बाद एडहॉक कमेटी ने दोबारा कार्यभार संभाल लिया। पूरे घटनाक्रम के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन और सभा से जुडे मामलों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

दरअसलए सभा के अध्यक्ष विश्वराज सिंह मेवाड सोमवार सुबह करीब 10 बजे विद्या प्रचारिणी सभा के ऑफिस पहुंचे। वे वहां करीब 2 घंटे तक रुके और एक.एक चीज का जायजा लिया। उन्होंने जब पूर्व कार्यसमिति के प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह से ऑडिट से जुडे डॉक्यूमेंट्स मांगे तो उन्होंने हाथ खडे कर दिए। प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह ने कहा कि ऑफिस में इस समय

■ **ऑडिट के डॉक्यूमेंट मांगे तो एमडी ने किया मना**

कोई भी डॉक्यूमेंट्स मौजूद नहीं है। उन्होंने बताया कि सारे डॉक्यूमेंट विद्या प्रचारिणी सभा के पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह आगरिया के पास रखे हुए हैं।इसके बाद मोहब्बत सिंह ने पूर्व मंत्री आगरिया को फोन लगाकर ऑफिस बुलाने की कोशिश भी की। उन्होंने संपर्क साधा ताकि डॉक्यूमेंट्स मिल सकें,लेकिन पूर्व मंत्री आगरिया ऑफिस नहीं पहुंचे।प्रबंध निदेशक की इस टालमटोल के बाद अध्यक्ष विश्वराज सिंह मेवाड ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि ऑडिट के 62 मेमो का जवाब और इससे जुडे जितने भी डॉक्यूमेंट्स हैं,उन्हें हर हाल में सोमवार शाम तक पेश किया जाए।प्रधान संरक्षक और अध्यक्ष विश्वराज सिंह मेवाड की मौजूदगी में ही एड हॉक कमेटी ने ऑफिस की पूरी जिम्मेदारी अपने हाथ में ले ली। एडहॉक कमेटी के युवराज सिंह झाला ने वहां का कार्यभार संभाला। इस मौके पर विद्या प्रचारिणी सभा और ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के कई बडे पदाधिकारी और सदस्य भारी संख्या में ऑफिस में मौजूद थे।

विद्यापीठ की छवि खराब करने वालों के खिलाफ दिया ज्ञापन

उदयपुर, (कासं)। ०राजस्थान विद्यापीठ की छवि खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही को लेकर सोमवार को राजस्थान विद्यापीठ के सामाजिक प्रशासन के कार्यकर्ताओं ने पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा के नेतृत्व में अकादमिक, गैर अकादमिक कार्यकर्ताओं के साथ अतिरिक्त कलक्टर दीपेन्द्र सिंह राठौड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा को ज्ञापन दे सख्त कार्यवाही की मांग की। डॉ. नागदा ने बताया कि सभी कार्यकर्ता श्रमजीवी महाविद्यालय एकत्रित हुए और वहाँ से शांतिपूर्वक रेली के रूप में देहलीगेट होते हुए कलेक्ट्री परिसर पहुंचे जहाँ विद्यापीठ प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन दिया।

कलेक्ट्री परिसर से सभी कार्यकर्ता प्रतापनगर स्थित विद्यापीठ के प्रशासनिक भवन पहुंचे और कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत से विद्यापीठ के खिलाफ जाने वाले कार्यकर्ताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की मांग की। संस्था से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य जुडा हुआ है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि विद्यापीठ के 700 कार्यकर्ताओं का रोजी रोटी एवं इनके परिवार के भरष

राजस्थान विद्यापीठ के सामाजिक प्रशासन के कार्यकर्ता ज्ञापन देते हुए।

पोषण का सवाल है। अगर कोई समस्या है तो मिलबैठ कर दूर की जा सकती है लेकिन अपनी बात को बाहरी एजेन्सियों के सामने रखना यह उचित नहीं है। इस अवसर पर में पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, परीक्षा नियंत्रक प्रो. पारस जैन, प्रो. युवराज सिंह राठौड, डॉ. धमेन्द्र राजौरा ,डॉ. भवानीपाल सिंह राठौड, प्रो. धीरज प्रकाश जोशी, डॉ. सुनिता मुर्डिया, प्रो. लाला राम जाट, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. मलय पानेरी, प्रो. अवनीश नागर, प्रो. बलिदान जैन, डॉ. एसबी नागर, प्रो. अमी राठौड, डॉ. नीरू राठौड, डॉ. सपना श्रीमाली, डॉ. महेश आमेटा, डॉ. मोहसीन छीपा, डॉ. संजीव राजपुरोहित, डॉ. दिनेश श्रीमाली, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. गजेन्द्र सिंह राठौड, डॉ. संजय चौधरी, डॉ. हिम्मत सिंह, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव, मुकेशनाथ, जगदीश सालवी, त्रिभुवन सिंह, शैतान सिंह झाला, भेरूसिंह खरवड, शाहदाब , सहित विद्यापीठ के डीन, डायरेक्टर सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद,राजसमन्द

सं. 1989 **लोक-सूचना** दिनांक: 29/5/2026

श्री भगवान लाल पिता श्री रोडी लाल भील निवासी सार्दुल खेड़ा बोरज तहसील व जिला राजसमन्द इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र.स.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	मोही	4038	रकबा 0.4330 हैक्टैयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक .... को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द